गढ़कलेवा चौपाटी का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

17 फरवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी ज़िला मुख्यालयों में **छत्तीसगढ़ी एवं स्थानीय व्यंजनों के लिये गढ़कलेवा चौपाटी** शुरू करने के निर्देश दिये। इसी कड़ी में ज़िला मुख्यालय बलरामपुर में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने गढ़कलेवा चौपाटी का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- शुभारंभ के अवसर पर विधायक बृहस्पत सिंह ने महिला स्व-सहायता समूहों को स्वावलंबी बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ज़िला मुख्यालय में गढ़ कलेवा चौपाटी की शुरुआत की गई है।
- ज़िला मुख्यालय में गढ़कलेवा चौपाटी खुलने से लोग छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ-साथ स्थानीय व्यंजनों का भी स्वाद ले पाएंगे।
- इस गढ़कलेवा चौपाटी में लक्ष्मी स्वसहायता समूह, आम स्वसहायता समूह, जीवन पालन स्वसहायता समूह, दुर्गा स्वसहायता समूह एवं शिवशक्ति स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gadh-kaleva-chowpatty